# आकाशवाणी शिमला
## 08.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1100बजे

### वंदे मातरम्

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर आज लोकसभा में विशेष चर्चा शुरू होगी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा में इस चर्चा की शुरुआत करेंगे। पिछले सप्ताह इस बारे में जानकारी देते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया था कि पूरे दिन की चर्चा दोपहर 12 बजे शुरू होगी।

### अभियान

प्रदेश सरकार का चिट्टा विरोधी अभियान जन आंदोलन में बदल रहा है और पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार पिछले तीन वर्षों में पुलिस ने एनडीपीएस के 5 हजार 642 मामले दर्ज करते हुए 8 हजार 216 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस अवधि में लगभग 36 किलोग्राम चिट्टा सहित अन्य नशीले पदार्थ बरामद किए गए। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बीते 15 नवंबर को शिमला में आयोजित महा वॉकथॉन में नशीले पदार्थों के खिलाफ मुहिम को एक व्यापक जन आन्दोलन में बदलने की घोषणा की।

### जगत सिंह नेगी

प्रदेश सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंडी के पड्डल मैदान में 11 दिसंबर को आयोजित होने वाले आत्मनिर्भर हिमाचल जनसंकल्प सम्मेलन की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इसी संदर्भ में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी आज से मंडी के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लेने के अलावा विभिन्न विभागीय बैठकों की अध्यक्षता करेंगे।

### लेह–मनाली राजमार्ग

सर्दियों के मौसम में बर्फबारी व फिसलन को देखते हुए 428 किलोमीटर लंबा लेह–मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग–3 आज से वाहनों की आवाजाही के लिए आधिकारिक रूप से बंद कर दिया गया है। लेह–मनाली राजमार्ग के रास्ते में आने वाले चारों दर्रों से बर्फ हटने के बाद यह अगले वर्ष तक यातायात के लिए खोल दिया जाएगा।

### सुरेश कश्यप

लोकसभा सांसद सुरेश कश्यप ने कहा है कि प्रदेश में रोजगार व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। सोलन जिला के कसौली में एक कार्यक्रम में शिरकत करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के पास युवाओं के लिए न कोई दूरदृष्टि है और न ही ठोस नीति। उन्होंने कहा कि राज्य चयन आयोग निष्क्रिय बना हुआ है और आयोग द्वारा विज्ञापित हजारों पद रिक्त पड़े हैं। कश्यप ने कहा कि यदि सरकार ने भर्ती प्रक्रिया को तुरंत गति प्रदान नहीं की तो भाजपा सड़क से सदन तक आंदोलन करेगी।

### उपायुक्त

शिमला जिला उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा है कि राजस्व से जुड़े कार्य में देरी करने वाले पटवारी व कानूनगो के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शिमला में राजस्व विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि कानूनगो और पटवारियों की लेटलतीफी का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उपायुक्त ने निशानदेही के मामलों में सम्मन की प्रक्रिया और धारा–118 के तहत विभाग से मांगी गई जानकारी को सात दिन में उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

**मौसम**

प्रदेश में शूष्क ठंड के चलते सुबह–शाम व रात को ठिठुरन बढ़ती जा रही है। जनजातीय क्षेत्रों सहित ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तापमान के माइनस में पहुंचने से प्राकृतिक जलस्त्रोत जमने शुरू हो गए हैं। लाहौल–स्पीति जिला के कुकुमसेरी, केलांग और ताबो में न्यूनतम तापमान शून्य से काफी नीचे दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग ने राज्य के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में आज हल्की बर्फबारी व कल से आगामी 14 दिसंबर तक मौसम के साफ रहने की संभावना जताई है।

इस बीच, बर्फबारी की चाह में राज्य के पर्यटन स्थलों में सैलानियों ने दस्तक देनी शुरू कर दी है। राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर फोटोग्राफी करने वाले फोटोग्राफर भी बर्फबारी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उनका कहना है कि बर्फबारी अगर समय पर न हुई, तो इससे पर्यटन सीजन के साथ उनके व्यवसाय पर भी असर पड़ेगा।